कोटद्वार,मंगलवार
19 दिसम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 227 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 **email: nagendra.uniyal@gmail.com**


## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक : 3918 / अवैध / अतिक्रमण / गोखले मार्ग / 2023-24, दिनांक 18/12/2023

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारणों को सूचित किया जाता है कि मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड में रिट याचिका सं0-03/2021 एवं रिट पिटीशन (पी0आई0एल0) संख्या-117/2023 में पारित आदेशों के अनुपालन में गोखले मार्ग के दोनों ओर मौजूदा अवैध अतिक्रमणों को चिन्हिकरण कर दिया गया है। परन्तु चिन्हित अतिक्रमण को अतिक्रमणकारियों के द्वारा अभी तक नहीं हटाया गया है।

अतः गोखले मार्ग के समस्त चिन्हित अवैध अतिक्रमणकारियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना चिन्हित अतिक्रमण को सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 48 घण्टे के अन्दर स्वयं हटा देवें अन्यथा नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार अपने संसाधनों से चिन्हित अवैध अतिक्रमण को हटा लिया जायेगा। इस पर होने वाला व्यय भवन स्वामी से वसूल किया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भवन स्वामी की होगी।

आज्ञा से
(वैभव गुप्ता)
नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।


IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006
Institute of Hospitality, Management & Sciences
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | The Fern | CROWNE PLAZA | JAYPEE HOTELS & RESORTS | COUNTRY INN & SUITES | COURTYARD Marriott AHMEDABAD | SAYAJI | WELCOMHOTEL | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott HOTELS & RESORTS | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : श्री वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन हो गया है। समापन समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान करने के साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर चार समाज सेवियों को सम्मानित किया गया।

समापन समारोह का आरंभ सभा के अध्यक्ष सुबोध गर्ग

## श्री वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित महोत्सव का हुआ समापन

व मुख्य अतिथि प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण द्वारा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ वैश्य बुजर्गों व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सभा अध्यक्ष सुबोध गर्ग ने समस्त अग्र बंधुओ से मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि कोटद्वार वैश्य अग्रवाल सभा समाज के निर्धन और कमजोर वर्ग के वे लोग जो धन के अभाव में उच्च शिक्षा नहीं ले पा रहे है, ऐसे लोगो के लिए एक कोष का निर्माण कर उनकी सहायता करेगा। मौके पर सिलकारा उत्तरकाशी में सुरंग में फंसे श्रमिकों का मनोबल बनाए रखने पर गबर सिंह, गो सेवा के



आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ।

क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जसपाल सिंह रावत, सामाजिक सेवा में राम प्रकाश शर्मा और रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दलजीत सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में राजीव गोयल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, उषा अग्रवाल, ज्योति मित्तल, सपना अग्रवाल, मनोज कंसल, सुमित सिंघल और संजय मित्तल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय कोट 23 से

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोट में 23 से 25 दिसंबर तक तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के सफल संचालन को लेकर कोट महोत्सव समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है। समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह नेगी ने बताया कि 23 दिसंबर को क्षेत्र के सभी स्कूलों द्वारा मार्च पास्ट, झाकियां, महिला मंगलदलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां, राइंका कोट के छात्रों द्वारा वंदना व स्वागत गीत, स्थानीय कलाकारों द्वारा गढ़वाली संगीत का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

24 दिसंबर को कन्या राउमा विद्यालय कोटसाडा द्वारा वंदना, स्वागत गीत, गढ़वाली लोक गायक अमित सागर, मिमिक्री आर्टिस्ट जीतू पहाड़ी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 25 दिसंबर को राइंका मसाणगांव द्वारा वंदना, स्वागत गीत, गढ़वाली लोकगायक मुकेश कठैत व साथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति व पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विभागों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल, प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : आमजन को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौक के स्वयं सेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह गुसाई की अध्यक्षता में अभियान की शुरुआत की गई। स्वयं सेवियों ने विद्यालय परिसर के



भाबर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवी

आसपास फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। कहा कि गंदगी से समाज में संक्रामक बीमारियां उत्पन्न होती है। इसलिए स्वच्छ व स्वस्थ समाज निर्माण के लिए आमजन का जागरूक होना अति आवश्यक है। अभियान के दौरान आमजन को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। कहा कि हमें प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं के साथ ही पॉलीथिन के प्रयोग को पूरी तरह बंद करना होगा। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी गणेश बड़ोला, सहायक कार्यक्रम अधिकारी राकेश खंडूरी आदि मौजूद रहे।



सिद्धबली मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते मेहरबान सिंह कंडारी के विद्यार्थी

## सिद्धबली में चलाया स्वच्छता अभियान

मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की ओर से सिद्धबली मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्थानों पर गंदगी नहीं डालने की अपील की। इस मौके पर प्रधानाचार्य चंदन सिंह नकोटी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अरूण कुमार परिडियाल आदि मौजूद रहे।

# राजा जनक के द्वार पर बारात लेकर पहुंचे श्री राम

### भाबर के दुर्गापुरी में आयोजित रामलीला का चौथा दिन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के दुर्गापुरी में आयोजित दोपहरी की रामलीला के चौथे दिन राम विवाह का मंचन किया गया। जैसे ही भगवान राम राजा जनक के द्वार पर बारात लेकर पहुंचे पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान क्षेत्र में राम बारात की झांकी भी निकाली गई।

चौथे दिन के रामलीला मंचन का शुभारंभ बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत ने किया। मंचन के दौरान सीता स्वयंवर के बाद राजा जनक बारात लाने का आमंत्रण लेकर अपने दूत को अयोध्या भेजते हैं। दूत अयोध्या जाकर राजा दशरथ को सीता-राम के स्वयंवर का संदेश देते हैं। इस संदेश के बाद अयोध्या में खुशी की लहर छा जाता है। नृत्य, संगीत और आतिशबाजियों का दौर शुरू हो जाता है। लीला में आगे दिखाया



कोटद्वार के दुर्गापुरी में चल रही रामलीला के दौरान

गया कि राजा दशरथ ने सभी अयोध्यावासियों को राम की बारात में चलने को लेकर आमंत्रण दिया है। इसके बाद अयोध्या से भगवान राम की बारात हाथी घोड़े, ढोल ताशे और नगाड़ों के साथ धूमधाम से निकली। राजा दशरथ गुरु विश्वमित्र व अन्य सहयोगी के साथ बारात लेकर राजा जनक के दरवार में पहुंचते हैं। जहां राम व बारातियों का भव्य स्वागत किया जाता है। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष भक्ति बड़थ्वाल, सचिव हर्षवर्धन बिंजोला आदि मौजूद रहे।

# थम नहीं रहा ई-रिक्शा चालकों का विवाद, फिर पहुंचे कोतवाली



कोटद्वार कोतवाली में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे ई-रिक्शा चालक

**कोटद्वार** : शहर में ई-रिक्शा चालकों का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन रूट को लेकर ई-रिक्शा चालकों के बीच विवाद हो रहा है। सोमवार को कोतवाली में पहुंचे नजीबाबाद चौराहे से संचालित होने वाले ई-रिक्शा चालकों ने दुर्गापुरी रूट के चालकों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रूट निर्धारित करने की मांग की।

सोमवार को ई-रिक्शा चालकों के नौ नंबर व पांच नंबर रूट के आटो व ई-रिक्शा चालक कोतवाली में पहुंचे। नजीबाबाद चौराहे से संचालक होने वाले ई-रिक्शा रूट के अध्यक्ष देवेंद्र कुंडलिया ने बताया कि शहर में लगातार ई-रिक्शा की संख्या बढ़ती जा रही है, जिसके बाद उन्होंने अपने रूट पर ई-रिक्शा पंजकीरण बंद कर दिया है। ऐसे में दुर्गापुरी रूट के कई नए ई-रिक्शा चालक जबरन उनके रूट पर आकर सवारियां भर रहे हैं, जिससे उनके रूट के चालकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। साथ ही चालकों में रोष भी बना हुआ है। कुछ दिन पूर्व रूट को लेकर दुर्गापुरी में विवाद भी हो गया था। वहीं, पुलिस ने मामले को परिवहन विभाग का बताते हुए ई-रिक्शा संचालकों को आरटीओ से मिलने की बात कही। कहा कि ई-रिक्शा का संचालन कहां से व किस तरह होगा, यह निर्णय परिवहन विभाग ही लेगा।

कोटद्वार,मंगलवार
19 दिसम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 227 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# तराई को आबाद करने में सिख समाज का है बड़ा योगदान:सीएम

- तराई क्षेत्र की विश्व में लघु भारत के रूप में बन रही पहचान
- रुद्रपुर में किया जाएगा विभाजन विभीषिका स्थल का निर्माण



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को रूद्रपुर में आयोजित युवा सिक्ख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तराई को आबाद करने में सिक्ख समाज का बहुत बड़ा योगदान है। प्रथम गुरू गुरूनानक से लेकर दशमेश गुरूओं के आशीर्वाद से यह धरती लगातार कृषि, उद्योग एवं विकास की दृष्टि में लघु भारत का संदेश पूरे विश्व में दे रही है। उन्होंने कहा कि गुरूनानक जी से लेकर गुरू तेगबहादुर जी तक समस्त गुरूओं ने राष्ट्र को प्रथम रखा और पूरे राष्ट्र और धर्म को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया, इसके लिए उन्होंने कुर्बानिया भी दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 1947 में देश का विभाजन हुआ और विभाजन विभीषिका पर शहीदों को याद करने, उनको स्मरण करने के लिए पूरे देश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने रुद्रपुर में विभाजन विभीषिका स्मृति स्थल का निर्माण जल्दी कराये जाने की घोषणा की। आनन्द कारज एक्ट के संबंध में मंत्रिमंडल ने जो निर्णय लिया है, उसे जल्दी लागू करने तथा पांच लाख तक किसानों के लोन पर स्टाम्प ड्यूटी की छूट पहले की तरह जारी रखे जाने की बात भी मुख्यमंत्री ने कही। वर्ग चार की जो नियमितीकरण की पोलिसी है, उसको अभी आगे बढ़ाया जायेगा। अमृतसर तक के लिए ट्रेन चले, इसके लिए पुनः रेलमंत्री से आग्रह करने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 100 से भी ज्यादा बार ब्लड डॉनेट करने वाले जगदीश सिंह गोल्डी, दिलजीत सिंह, हरविन्दर सिंह चुघ को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी का सहयोग, प्रेम व एकजुटता ही है जो हमें विषम परिस्थितियों में भी प्रदेश में निरंतर विकास कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवाभाव के संकल्प का अनुसरण कर के पूरे मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शहजादों की कुरबानी पर वीर बाल दिवस मनाने का संकल्प लिया था और आज पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे सिक्ख भाइयों का देश के विकास में जो योगदान है, उसको शब्दों में व्यक्त कर पाना नामुमकिन है। प्रधानमंत्री मोदी का एक भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येय वाक्य को जीवंत करने का कार्य हमारी सिक्ख परम्परा कर रही है। उन्होंने कहा सिक्खों द्वारा नानकमत्ता साहिब के साथ जगह–जगह गुरुद्वारों द्वारा लंगर की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को भोजन कराने का कार्य जिस सेवा भाव से किया जाता है वह सराहनीय है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेत्तव में डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है हर उलझे हुए मामलों को सुलझाने का हमारा निरंतर प्रयास रहता है। हम चीजों को उलझानें में नही बल्कि सुलझानें में विश्वास रखते है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा करतापुर साहब नानक साहिब में 120 करोड़ की लागत से कोरीडोर की व्यवस्था करने का काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 दिनों से लापता लड़की का जंगल में पेड़ से लटकता मिला शव, जांच शुरू

चमोली। उत्तराखंड के इस शहर में पिछले 15 दिनों से एक लड़की लापता थी। आखिरकार जब पुलिस का परिनजों को फोन आया तो घरवालों के होश उड़ गए। जंगल में पेड़ से लटकता हुआ लड़की का शव मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चमोली जिले के निजमुला घाटी के झींझी गांव में 11 दिसंबर से लापता एक युवती का शव रविवार को गांव से करीब डेढ़ किमी दूर जंगल में चुन्नी के सहारे पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। झींझी गांव के कैलाश कुमार ने 12 दिसंबर को अपनी बहन पिंकी (22) पुत्री सुरेंद्र नाथ की गुमशुदगी की रिपोर्ट राजस्व पुलिस गौंणा में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मामले को रेगुलर पुलिस के सुपुर्द किया। रविवार को सुबह ग्रामीण जंगल में सूखी लकड़ी लेने गए थे, उन्हें वहां चुन्नी से लटका एक युवती का शव दिखा। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रहरी को दी। ग्राम प्रहरी ने इसकी जानकारी थाना चमोली और राजस्व पुलिस को दी।

थाने के एसआई शिवदत्त जमलोकी ने बताया कि पुलिस को शाम पांच बजे घटना की सूचना मिली। जिसके बाद टीम मौके के लिए रवाना हुई। युवती की शिनाख्त करने के बाद पोस्टर्मोटम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जाएगा।

### बीच मंच से पीएम मोदी ने महिला को दिया चुनाव लड़ने का ऑफर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी गए हैं। पीएम ने वाराणसी के उमराहा में नवनिर्मित स्वर्वेद महामंदिर का लोकार्पण किया। इसी के साथ पीएम विकासशील भारत संकल्प यात्रा के तहत खेल प्रतियोगिता में भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने इसी के तहत गांव की महिलाओं से भी बातचीत की।

**महिला को दिया चुनाव लड़ने का ऑफर**

सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने एक महिला की खूब तारीफ की। दरअसल, चंदादेवी नाम की महिला कार्यक्रम में भाषण दे रही थी, तभी पीएम ने कहा कि आप तो बहुत अच्छा भाषण देती है, क्या आपने कभी चुनाव लड़ने का नहीं सोचा। इसी के साथ पीएम ने उन्हें चुनाव लड़ने का भी ऑफर दिया, जिसपर महिला ने कहा कि हम चुनाव का नहीं सोच रहे और ये सब हम आपसे ही सीखें हैं। महिला ने कहा कि हम आपके सामने खड़े हैं और आपके सामने बोल रहे हैं, वही गर्व की बात है।

**लखपति महिला कार्यक्रम से जुड़ी है महिला**

समारोह को संबोधित करने वाली महिला लखपति महिला कार्यक्रम से जुड़ी हुई है।

## देश में फिर बढ़ने लगे कोरोना के मामले

# नए वैरिएंट की दस्तक के बाद केंद्र ने जारी की एडवाइजरी




नई दिल्ली। केरल में एक महिला में कोविड–19 का सब–वेरिएंट खठ.1 पाए जाने के बाद केद्र सरकार अलर्ट हो गई है। सरकार ने कोविड मामलों में बढोतरी और भारत में खठ.1 वैरिएंट के पहले मामले का पता चलने के मद्देनजर राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से कोविड स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखने का आग्रह किया है। इसके साथ ही राज्यों को नियमित तौर पर हर जिले में एसएआरआई और आईएलआई मामलों की रिपोर्ट और निगरानी करनी होगी।

**ज्यादा–ज्यादा से संख्या में फळ–ढउफ टेस्ट करें राज्य**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को ज्यादा–ज्यादा से संख्या में आरटी–पीसीआर परीक्षणों सहित पर्याप्त परीक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी है। वहीं, सरकार ने राज्यों को जीनोम सीक्वेंस के लिए पॉजिटिव नमूने कठरअउडॅ प्रयोगशालाओं को भेजने के लिए कहा है।

राज्य सरकारों से मिले सहयोगा से कोविड–19 को रोकने में सक्षम

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच लगातार और सहयोगात्मक कार्यों की वजह से हम कोविड–19 को रोकने में सक्षम हैं"।

**8 दिसंबर को केरल में पाया वेरिएंट**

पंत ने कहा कि हाल ही में, केरल जैसे कुछ राज्यों ने कोविड–19 के मामलों की संख्या में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। भारत में कोविड का सब–वेरिएंट खठ.1 का पहला मामला 8 दिसंबर को केरल में पाया गया था।

स्वास्थ्य सचिव पंत ने पत्र में राज्यों से सतर्कता बरतने, कोविड मानक लागू करने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। पंत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और स्वास्थ्य सचिवों को लिख पत्र में कहा कि केरल सहित सभी राज्यों में कोरोना के मामले बढ़ने सूचनाएं मिली है।

### 'मणिपुर जातीय हिंसा के पीछे ड्रग माफिया और अवैध अप्रवासी'

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने सोमवार को राज्य में महीनों से जारी जातीय तनाव के लिए ड्रग माफिया और अवैध प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया। सिंह ने मौजूदा संकट के लिए राज्य की सीमाओं की सुरक्षा में पिछली सरकार की विफलता को भी जिम्मेदार बताया। मई महीने से कुकी और मैतेयी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष के कारण लगभग 200 लोग मारे गए हैं और 60 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। थौबल जिले के लीलांग में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा संघर्ष की साजिश ड्रग माफिया और अवैध प्रवासियों ने रची जो वास्तविक जनजातियों की आवाज को दबाते हैं।

**लड़ाई मैतेयी और कुकी के बीच नहीं है– सीएम**

उन्होंने कहा कि लड़ाई मैतेयी और कुकी के बीच नहीं है, बल्कि सरकार और अवैध प्रवासियों के बीच है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं रोज अपने कुकी दोस्तों से फोन पर बातचीत करता हूं। वे असहाय हैं और सच बोलने में असक्षम हैं क्योंकि उनको बंदूक के बल पर धमकाया जा रहा है।

# संसद से अब तक 92 सांसद निलंबितः लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी 34 विपक्षी सांसद सस्पेंड, 67 सांसदों पर गिरी गाज



नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में सोमवार को लोकसभा सांसदों के बाद राज्यसभा सदस्यों पर एक्शन जारी रहा। संसद की कार्रवाही में बाधा डालने के आरोप में 45 विपक्षी सांसदों को शेष बचे हुए सत्र के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। निलंबित सांसदों में कांग्रेस के जयराम रमेश, रणदीप सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल सहित कई वरिष्ठ राज्यसभा सांसद शामिल हैं। इससे पहले लोकसभा से 33 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, सौगत रॉय समेत 33 सदस्य शामिल हैं। बता दें कि अबतक लोकसभा और राज्यसभा के 92 सांसदों पर कार्रवाई हो चुकी है।

**इन राज्यसभा सांसदों को निलंबित किया गया**

जिन राज्यसभा सांसदों को शेष बचे हुए शीतकालीन सत्र से निलंबित किया गया है उनमें प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, डॉ. अमी याग्निक, नारणभाई जे. राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देवी नेताम, शक्ति सिंह गोहिल, के.सी.वेणुगोपाल, रजनी अशोकराव पाटिल, रंजीता रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सुखेन्दु शेखर रे, मोहम्मद नदीमुल हक शामिल हैं।

इसके अलावा अबीर रंजन विश्वास, डॉ. शांतनु सेन, मौसम नूर, प्रकाश चिक बड़ाइक, समीरुल इस्लाम, एम. शनमुगम, एन.आर.एलंगो, डॉ. कनिमोझी एनवीएन सोमू, आर. गिरिराजन, प्रो.मनोज कुमार झा, डॉ. फैयाज अहमद, वी. सिवादासन, रामनाथ ठाकुर, अनिल प्रसाद हेगड़े, वन्दना चव्हाण, प्रो. रामगोपाल यादव, जावेद अली खान, महुआ माजी, जोस के. मणि और अजित कुमार भुइयां को निलंबित किया गया है।

**11 सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा**

वहीं, राज्यसभा में 11 विपक्षी सांसदों के आचरण से संबंधित मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक सभी का निलंबन जारी रहेगा।

**इन पार्टियों के सांसद निलंबित हुए**

समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, उटक सांसद टी.आर. बालू, दयानिधि मारन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय सहित 33 विपक्षी सदस्यों को सोमवार को लोकसभा से निलंबित किया गया है।

**इससे पहले 14 सांसदों पर हुई थी कार्रवाई**

बता दें कि इससे पहले संसद की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर सदन में हंगामा करने वाले 14 सांसदों पर कार्रवाई की गई थी।

वहीं, 13 लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद को सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए निलंबित किया गया था।

# पचास लाख के कार्यों का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में पचास लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का लाकार्पण व शिलान्यास किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की सीख।

सोमवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज कोटद्वार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने 29.32 लाख की लागत से विद्यालय का जीर्णोद्धार के कार्य का लोकार्पण किया। उक्त धनराशि से विद्यालय में आठ कक्षों की मरम्मत व दो बालिका शैचालयों का निर्माण किया गया है।

साथ ही जिला खनिज व न्याय निधि से भवन के जीर्णोद्धार के लिए 18.88 लाख की योजना का शिलान्यास भी किया। इस धनराशि से विद्यालय के चार अन्य कक्षों की मरम्मत करवाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर 13 मालगोदाम रोड स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालिका में विधायक निधि से हुए छः लाख पचास हजार रुपये के कार्यों का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्कूलों का जीर्णोद्धार-ज्ञान का पुनर्निर्माण इस मूल मंत्र के साथ वे विधानसभा कोटद्वार में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि हम एक सशक्त और साक्षर समाज की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अयाजुद्दीन, प्रधानाचार्य सुनीता मधवाल, मंडल अध्यक्ष हरी सिंह पुंडीर, कमल नेगी, मनीष भट्ट, नीना बैंजवाल, रामेश्वरी देवी, नीरू बाला खंतवाल, अनिता भारद्वाज, अनिता गौड़ आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के बालिका इंटर कालेज में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण।

# बच्चों का मनाया जन्मदिन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : किंग्डम ऑफ हेवन चाइल्ड केयर संस्था की ओर से गरीब व असहाय परिवार के बच्चों का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी ने किया। वक्ताओं ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि लक्ष्य तक कर आगे बढ़ने वालों को जीवन में सफलता अवश्य मिलती है। संस्था के अध्यक्ष नवीन मैसी ने बताया कि आर्थिक कमजोरी के कारण कई बच्चे अपना जन्मदिन धूमधाम से नहीं मना पाते। ऐसे में संस्था ने इन बच्चों का जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों व महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। गढ़वाली, कुमाऊंनी के साथ ही अन्य गीतों पर प्रस्तुत कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर संस्था की सचिव निधि मैसी, गीता वर्मा, आर्यन मैसी, अंश वर्मा, सुमित वर्मा, गौरव, साधना, विजय रावत, अभिषेक अग्रवाल, प्रमोद रावत आदि मौजूद रहे।



प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देती महिलाएं

# वालीबॉल में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : युवा कल्याण विभाग पौडी के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत कंडोलिया मैदान में वालीबॉल की बालक वर्ग की अंडर-14, 17, 19 आयुवर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अंडर-14 आयुवर्ग में पाबौ ने दुगड्डा, जयहरीखाल ने द्वारीखाल, पौड़ी ने यमकेश्वर, बीरोखाल ने कल्जीखाल, नैनीडांडा ने पोखड़ा, खिर्सू ने कोट, एकेश्वर ने थलीसैण को हराकर दूसरे राउण्ड में प्रवेश किया, दूसरे राउण्ड में बीरोंखाल ने पौड़ी, नैनीडांडा ने खिर्सू, रिखणीखाल ने एकेश्वर को हराकर तीसरे राउंड में प्रवेश किया। अंडर-17 आयुवर्ग में दुगड्डा ने पोखडा, खिर्सू ने द्वारीखाल, पौड़ी ने कोट, पाबौ ने कल्जीखाल, नैनीडांडा ने थलीसैंण, बीरोंखाल ने एकेश्वर, जयहरीखाल ने यमकेश्वर को हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया।

दूसरे राउण्ड में दुगडडा ने खिर्सू, पौड़ी ने पाबौ, रिखणीखाल ने जयहरीखाल को हराकर तीसरे राउण्ड में प्रवेश किया। अंडर-19 आयुवर्ग में दुगडडा ने पोखडा, खिर्सू ने पौडी, कोट ने द्वारीखाल, नैनीडांडा ने थलीसैंण, बीरोखाल ने एकेश्वर, कल्जीखाल ने पाबौ, जयहरीखाल ने यमकेश्वर को हराकर दूसरे राउण्ड में प्रवेश किया। दूसरे राउंड में रिखणीखाल ने जयहरीखाल को हराया। इस मौके पर जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, भगवान सिह गुसांई, संदीप खंकरियाल, महेश कुमार, अंकित पंवार, दिनेश चौहान आदि शामिल रहे।

# 24 दिसंबर को करेगें सीएम आवास का घेराव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : लंबे समय से की जा रही मांग भू-कानून और मूल निवास को लेकर आंदोलनकारी ने अग्रिम रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। गैरसैंण क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक ने पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री आवास घेराव की जानकारी देते हुए कहा कि 24 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव कर आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी 24 दिसंबर को होने वाले मुख्यमंत्री आवास घेराव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

गैरसैंण क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक नमन चंदोला ने बताया कि पिछले लंबे समय से मूल निवास, भू-कानून, स्थाई राजधानी गैरसैंण की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार अभी तक इस ओर कोई कदम नहीं उठाए गए है। जिससे प्रदेशवासियों में नाराजगी बनी हुई है। बताया कि जन मुद्दों को लेकर हमेशा से ही आंदोलनकारी संघर्षरत रहे हैं और इसी को लेकर 24 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड की सरकारें उत्तराखंड वासियों की मांगों को लेकर उदासीन रहेगी तो प्रदेश की स्थिति के बारे में सोचना काफी चिंताजनक होगा। कहा कि आंदोलनकारियों की मांगों को जल्द से जल्द हल नहीं किया गया तो प्रदेश सरकार को इसका खामियाजा भुगतना होगा।

## चंदोला के निधन पर जताया शोक

**श्रीनगर गढ़वाल** : भाकपा (माले) की राज्य कमेटी के सदस्य और ट्रेड यूनियन संगठन एक्टू के प्रदेश उपाध्यक्ष केपी. चंदोला के निधन पर डालमिया धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। फेफड़े संबंधी दिक्कतों से जूझने के बाद 73 वर्ष की उम्र में बीते 15 दिसंबर को उन्होंने अंतिम सांस ली।

श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवी अनिल स्वामी ने बताया कि चंदोला सौम्य स्वभाव के धनी थे, वे हमेशा समाज के लिए संघर्षरत रहे। साथ ही प्रोफेसर आरसी. डिमरी ने कहा कि चंदोला का जाना एक अपूर्णीय क्षति है। जन संस्कृति मंच के योगेंद्र कांडपाल ने कहा कि चंदोला हमेशा से मजदूरों के आंदोलनों में बड़ी सक्रियता के साथ जुड़े रहते थे। श्रद्धांजलि सभा में एसयूसी आई के मुकेश सेमवाल, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष रोबिन असवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित उछोली, आइसा नेता अतुल सती, समरवीर रावत, रितिक राणा, प्रियंका खत्री, आशुतोष नेगी, सौरभ पंवार, हिमांशी नौटियाल, राजीव सहित अन्य लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

# पुराने कलेक्ट्रेट भवन के स्थान पर पार्क बनाया जाए : बेनाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पुराने कलेक्ट्रेट भवन के स्थान पर पार्क निर्माण की मांग एक बार फिर पूर्व विधायक यशपाल बेनाम ने उठाई है। अंग्रेजों की जमाने के इस भवन को सीएम घोषणा के तहत प्रशासन ने हेरीटेज भवन बनाने को लेकर काम शुरू कर दिया है।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने कहा कि शहर के बीच में पार्क जरूरी है। लिहाजा हम यहां पार्क निर्माण चाह रहे है। कहा कि पहले ही पुराने जेल बगीचे की खाली जमीन पर कलेक्ट्रेट का नया भवन बन गया है और पुरानी जेल को संग्रहलाय बनाएं जाने को लेकर भी काम शुरू नहीं हुआ।

अब शहर के बीच में कहीं पर भी खुली जमीन नहीं है। इस संबंध में जल्द ही पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी से भी एक शिष्टमंडल मुलाकात करेंगा और हेरीटेज भवन पर शुरू हुए काम को रोकने की गुहार लगाएगा। ताकि यहां पार्क निर्माण किया जा सके। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय शर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष हेमेंद्र नेगी, छात्र संघ अध्यक्ष रितिक असवाल, विनय रावत आदि भी मौजूद रहे।

# नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के शिक्षा विभाग की ओर से नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जायेगा।

सोमवार को शिक्षा विभाग में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन पोस्टर और स्लोगन निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड, एमएड और इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अभियान का शुभारंभ करते हुए शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने कहा कि शिक्षक के रूप में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूक होना आवश्यक है। कार्यक्रम में डा. शंकर सिंह ने कहा कि समाज में शिक्षक के रूप में हम सब की जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भारत निर्माण के लिए मजबूती के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए शिक्षा विभाग के डा. देवेंद्र सिंह ने कहा कि युवावस्था में नशे से दूर रहने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रो. गीता खण्डूड़ी, प्रो. सीमा ध्वन, डा. इंदु रावत, डा. रीना, शोभा, डा. सिद्धार्थ आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। मंच का संचालन नेहा जोशी और डा. शंकर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। (एजेंसी)

## नाबालिग हरिद्वार से सकुशल बरामद

**पौड़ी** : पाबौ क्षेत्र से दो नाबालिगों के एक साथ घर से बिना बताएं चले जाने के मामले में पौड़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे से पहले ही दोनों नाबालिगों को बरामद कर लिया। इस संबंध में परिजनों ने पाबौ चौकी में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने दोनों गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को हरिद्वार से सकुशल बरामद कर परिजनों सुपुर्द किया। पुलिस टीम में एसआई सुनील पंवार, दीपक पंवार, सोमवीर, सोनम, बारुदत्त व रविन्द्र भट्ट आदि शामिल रहे।

# लोकगायिका हेमा करासी के गीतों पर जमकर झूमे लोग

**पौड़ी** : सांस्कृतिक एवं विकास समिति गगवाडस्यूं ल्वाली व महाकाल सेवा ट्रस्ट द्वारा गगवाडस्यूं घाटी में सोमवार से तीन दिवसीय महोत्सव शुरू हो गया है।

महोत्सव के पहले दिन लोकगायिका हेमा करासी ने लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। महोत्सव में स्थानीय स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट किया।सोमवार से तीन दिवसीय गगवाडस्यूं महोत्सव शुरू हो गया। महोत्सव के पहले दिन ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी रही। महोत्सव में लोकगायिका हेमा करासी ने लोकगीतों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। हेमा करासी के जागरों और गानों में लोग जमकर झूमे। मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने समिति के कार्यों की सराहना की। कहा कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच पर आकर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इसके साथ ही नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का मौका भी मिलता है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सजवाण, राजेंद्र सिंह राणा, ओमप्रकाश जुगराण आदि शामिल रहे।

# सरकारी कार्यक्रमों को पार्टी कार्यक्रम बनाने पर भड़के कांग्रेसी



नई टिहरी। जिला कांग्रेस के कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डीएम मयूर दीक्षित से मिलकर सरकारी कार्यक्रमों को एक पार्टी विशेष का कार्यक्रम बनाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पत्र सौंपकर सुधार न होने पर कार्यक्रमों के बहिष्कार की चेतावनी दी है। सोमवार को कांग्रेसियों का प्रतिनिधि मंडल कलक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जनता दरबार के दौरान डीएम दीक्षित से ने मिला। डीएम दीक्षित को पत्र सौंपकर सरकारी कार्यक्रमों में कांग्रेस के प्रतिनिधियों की उपेक्षा के साथ संचालक पार्टी विशेष के व्यक्ति को बनाने सहित तमाम तरह के आरोप लगाते हुए कार्यक्रमों को पार्टी विशेष का कार्यक्रम बनाने का आरोप लगाया। मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि लंबे समय से यह देखने में आ रहा है, कि जनपद में हो रहे राजकीय कार्यक्रमों एवं जनपद स्तरीय विभागीय कार्यक्रमों में प्रतिपक्ष के प्रतिनिधियों और पार्टी संगठन के पदाधिकारी को आमंत्रित नहीं किया जा रहा है। जहां पर आमंत्रण दिया भी जा रहा है तो वहां पर प्रतिपक्ष के नेताओं का सम्मान नहीं दिया जा रहा है।

प्रतिनिधि मंडल में पीसीसी सदस्य देवेंद्र नौटियाल, महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रावत, अनीता शाह, ब्लॉक अध्यक्ष साहब सिंह सजवान, नगर अध्यक्ष शक्ति प्रसाद जोशी, निहाल सिंह नेगी, लखबीर सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह रावत, रोशन नौटियाल, देवेंद्र राणा, नफीस खान, अनीश खान, होशियार सिंह थलवाल, जुनैद खान, वीरेंद्र दत्त ,गब्बर सिंह रावत ,मनीष पंत, श्यामलाल शाह, दिनेश कृषाली आदि मौजूद रहे।

# पेंशन की स्वीकृति पर शिक्षकों ने जताया आभार

चमोली। एक अक्टूबर 2005 से पूर्व विज्ञापित पदों पर नियुक्त शिक्षकों ने पेंशन शुरू होने पर सरकार का आभार जताया है। शिक्षक कर्मियों ने कहा कि पेंशन के लिए लंबी लड़ाई लड़ी गई है। जिसके बाद सरकार ने कैबिनेट की बैठक कर इस मामले का निस्तारण किया है। तहसील मुख्यालय पर आयोजित बैठक में शिक्षक नेता दिगम्बर नेगी, प्रकाश बिष्ट, आलोक नौटियाल, यदुवीर बिष्ट, देवेंद्र नेगी, बृजेन्द्र कठैत, नंदराम बहुगुड़ा आदि ने कहा कि यह शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित मांग थी। जिस पर विगत कई वर्षों से शिक्षक संघर्षरत थे। लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। शिक्षकों ने अपनी इस मांग को वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री और विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से मांग की गई। जिसके बाद उक्त प्रकरण को कैबिनेट से पास करने के बाद शासन द्वारा आदेश निर्गत करते हुए 1अक्टूबर 2005 से पूर्व विज्ञापित/अधिसूचित शिक्षक एवम अन्य कर्मचारियों को पुरानी पेंशन के दायरे में लाया गया। बैठक में शिक्षकों ने अपनी मांग पूरी होने पर बीते शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह से मुलाकात कर आभार जताया। इस मौके पर विकास कोठियाल, प्रेम सिंह फर्स्वाण, अशोक हटवाल, टीका प्रसाद, मुकेश बिष्ट, रामसिंह, शकुंतला नैनवाल, पदमा रावत, राजेश्वरी, सविता, भगत खत्री, राजेन्द्र पुंडीर, दिनेश बिष्ट, सुबोध, कैलाश पंत, आदेश थपलियाल, हीरा सिंह, प्रकाश सिलोड़ी आदि उपस्थित थे।

## क्षतिग्रस्त टैक्सी पार्किंग के निर्माण की मांग की

नई टिहरी। चंबा नगर पालिका परिषद के निर्वतमान सभासद शक्ति प्रसाद जोशी ने डीएम मयूर दीक्षित को पत्र सौंपकर चंबा टैक्सी स्टैंड के समीप बीते अगस्त माह में क्षतिग्रस्त हुई पार्किंग का निर्माण करवाये जाने की मांग की है। डीएम दीक्षित को सौंपे पत्र में जोशी ने बताया कि बीते अगस्त 2023 में चंबा टैक्सी स्टैंड के निकट स्टैंड का एक हिस्सा बरसात के दौरान यकायक गिरने से यहां कुछ लोगों की मलबे में दबने से जहां मौत हुई। इस दिल दहला देने वाली घटना से प्रशासन पूरी तरह से अवगत है। आगे इस तरह की घटना से बचने के लिए पार्किंग के टुटे हिस्से का निर्माण व ट्रीटमेंट जरूरी है। प्रशासन ने भले ही वहां प सर्वे के लिए कई बार भूवैज्ञानिकों की टीम भेजी है,

# हेल्थ मेले में 108 लोगों ने कराई जांच, 15 महिलाओं ने कराया अल्ट्रासाउंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : आयुष्मान भवः अभियान' के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के सहयोग से कम्युनिटी हेल्थ मेले के आयोजन के तहत सोमवार को जखोली में आयोजित विशेषज्ञ हेल्थ मेले में 208 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं, 17 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि सीएचसी जखोली में आयोजित स्वास्थ्य मेले में मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के फिजीशियन डॉ. अरविंद नौटियाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सोनाली जोशी, स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ डॉ. ख्याती मेन्हदीरत्ता, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक शर्मा, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि अग्रवाल द्वारा कुल 208 के स्वास्थ्य की जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. खुशपाल ने बताया कि हेल्थ मेले में डॉ. राजीव चैधरी द्वारा 17 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड भी किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने कहा कि विशेषज्ञ कम्युनिटि हेल्थ मेले के तहत आगामी 21 दिसंबर को सीएचसी अगस्त्यमुनि में भी श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के सहयोग से हेल्थ मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से उक्त मेले में पहुंच विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# मैती मिलन की सम्मान देने की परम्परा सराहनीयः ज्योति गैरोला

नई टिहरी। स्थानीय लोक संस्कृति संरक्षण व प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में नियमित क्रियाकलापों को अंजाम देने वाले मैती मिलन परिवार ने रविवार को प्रतिभान छात्रों व शिक्षकों के सम्मान के लिए बौराड़ी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने दीप प्रज्वलन कर किया। बौराड़ी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि गैरोला ने कहा समाज में अच्छाईयों का सम्मान होना चाहिए। मैती मिलन परिवार की प्रतिभाओं और शिक्षकों को सम्मानित करने के नियमित कार्यक्रम सराहनीय है। इससे समाज में सकारात्मक कार्यक्रमों को गति मिलेगी और युवाओं का उत्साहवर्धन होगा। कार्यक्रम के आयोजक अनुसूया प्रसाद नौटियाल व डॉ सीमा नौटियाल ने कहा कि मैती मिलन परिवार का उद्देश्य है नई टिहरी में पुरानी टिहरी जैसी परंपरायें बरकरार रहें। यहां विभिन्न पौराणिक लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम नियमित होते रहें। जिसे शहर में एक जीवंतता बनी रहे।




# सिद्ध अक्षर महाराज ने किया योगाभ्यास

नई टिहरी। अक्षर योग केंद्र के संस्थापक अक्षर महाराज के मार्गदर्शन में दुनिया भर से आए उनके शिष्य देवप्रयाग पहुंचे। यहां संगम स्थल व प्राचीन रघुनाथ मन्दिर में उन्होंने अपनी साधनाओं व योग तप का अभ्यास किया। सोमवार को अक्षर महाराज अपने रूस, हांगकांग, ताइवान, दुबई, इंग्लैंड आदि से आए जिज्ञासु दुबई में आयोजित योग शिविर के बाद देवप्रयाग पहुंचे। यहां संगम में योग साधनाओं का अभ्यास कर सभी ने भगवान शिव का अभिषेक व गंगा स्नान किया। इस मौके पर अक्षर महाराज ने कहा कि भगवान राम के दिव्य धाम देवप्रयाग को दक्षिण भारत में तिरुकंडमेनुम कडिनगर नाम से जाना जाता है। यहां ध्यान साधना से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है। विदेशी शिष्यों ने भगवान के नाम का जाप, योग और आसनों का अभ्यास किया। गंगा स्नान करते विशेष जल मग्न ध्यान व त्रिनेत्र ध्यान भी किये।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर नई कार्यकारिणी गठित

रुद्रप्रयाग। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जखोली ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष अनुसूया रूडियाल एवं महामंत्री दिनेश प्रसाद सकलानी को बनाया गया। बैठक में शिक्षक एवं कर्मचारियों को ओपीएस के एकजुट होने का आह्वान किया। जखोली ब्लॉक सभागार में आयोजित शिक्षक–कर्मचारियों की बैठक में राष्ट्रीय संगठन ओपीएस की ब्लाक की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अध्यक्ष एवं महामंत्री के अलावा संरक्षक बलवीर सिंह, जगदम्बा चमोली व अरविन्द सकलानी, उपाध्यक्ष अमिता नेगी मीना सिंगवाल, आनन्द चौहान, अश्वनी गौड़, गोपाल रावत, योगेश उनियाल व कपिल मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा, मीडिया प्रभारी सनोज गुंसाई, अमित काला को बनाया गया। कार्यकारिणी एवं आमंत्रित सदस्यों में गिरीश प्रसाद बडोनी, दीपक भट्ट, राकेश गैरोला, नरेन्द्र सिंगवाल, अनिल उनियाल, संदीप सिंह, अनिल स्नेही, सोवेन्द्र शाह, सरोज बंसल, साक्षी चौधरी समेत कई लोगों को शामिल किया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष रूडियाल ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए साइंस मॉडल

नई टिहरी। राजेश्वरी करुणा स्कूल बंगलों की कांडी मसूरी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। सोमवार को विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीपक ध्यानी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बेहतरीन साइंस मॉडल को प्रदर्शित किए। अभिभावकों ने विद्यालय की इस नवाचारी पहल की प्रशंसा करते हुए, इस प्रकार के आयोजनों को छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास को आवश्यक बताया। इस मौके पर अमित जोशी, सुरेंद्र रावत, सिकंदर रावत, मुकेश, प्रदीप, विक्रम रावत, जसमीरा तोमर, संगीता, उर्मिला, परमिला पंवार, कविता नौटियाल, रीना, रविंद्र सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।


कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पाबौ
E Mail ID::-eecdpwdpaboo@gmail.com. eecdpab.pwduk@gov.in

पत्रांकः- 3318/12AC दिनांक - 18/12/2023

**ई-निविदा**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पाबौ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग (सिंगल-बिड सिस्टम) के द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 28/12/2023 से उपलब्ध होगी।

कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 269/2022 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के विकासखण्ड पाबौ में पाबौ चम्पेश्वर मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 1.60 | 5000.00 +18% GST | 120 दिन | 12 माह | केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम में पंजीकृत ''मार्ग कार्यो हेतु'' श्रेणी ''सी'' एवं उच्चतर |
| 2 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 269/2022 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के विकासखण्ड थलीसैंण में जाख से अक्सोडा मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 2.51 | 5000.00 +18% GST | 120 दिन | 12 माह | केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम में पंजीकृत ''मार्ग कार्यो हेतु'' श्रेणी ''सी'' एवं उच्चतर |
| 3 | सड़क सुरक्षा मद के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल में निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पाबौ के क्षेत्रान्तर्गत गोडखियाखाल-विशल्ड मोटर मार्ग में सड़क सुरक्षा का कार्य। | 2.22 | 5000.00 +18% GST | 120 दिन | 12 माह | केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग/उपक्रम में पंजीकृत ''मार्ग कार्यो हेतु'' श्रेणी ''सी'' एवं उच्चतर |

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, पाबौ

# सम्पादकीय

## दस्तक दे रहा है कोरोना?

वर्ष 2020 व 2021 के दौरान भारत सहित पूरी दुनिया ने कोरोना वायरस का बड़ा असर देखा था जिसने दुनिया को स्थिर कर दिया था। कोरोना की पहली और दूसरी लहर में भारत की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव डाला और कई लोगों की जान इस कोरोना वायरस से ग्रसित होने के कारण चली गई थी। इस महामारी ने भारत के स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए थे तो वही इस प्रकार की आपात स्थिति में आम नागरिकों के लिए सरकार द्वारा किए जाने प्रबंधन को लेकर भी सरकार को आलोचना का शिकार बनना पड़ा। गत दो वर्षों से कोरोना को लोग लगभग भूलने की कोशिश कर रहे थे, कि इधर एक बार फिर कोरोना का एक नया वेरिएंट दहशत पैदा करने की कोशिश करने में लगा है। जेएन.1 वेरिएंट का आगमन दक्षिण भारत के केरल राज्य में हो चुका है जिसे देखते हुए केरल एवं कर्नाटक में सतर्कता बरतने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं, तो वहीं केंद्र सरकार की ओर से भी इस नए वेरिएंट को लेकर राज्यों को एडवाइजरी जारी की गई है। सिंगापुर पहले से ही इस वेरिएंट से जूझ रहा है और भारत में इसकी एंट्री एक चिंताजनक बात हो सकती है। जेएन.1 वेरिएंट कोरोना के अमिक्रॉन सब वेरिएंट का ही एक म्यूटेशन है। इसका पहला केस यूरोप में पाया गया था। इसके बाद अमेरिका और दूसरे कई देशों में इसके केस आए हैं। हालांकि अभी राहत की बात यह है कि यह वेरिएंट अधिक क्रियाशील नजर नहीं आया है और जेएन.1 वेरिएंट के मरीजों में गंभीर लक्षण नहीं देखे गए हैं, लेकिन हो सकता है कि ये वायरस संक्रमक ज्यादा हो, ऐसे में आने वाले दिनों में इस पर नजर रखने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उन परिस्थितियों से भी इनकार नहीं कर रहे हैं जिसमें यदि मरीजों में गंभीर लक्षण नजर आए तो कोविद प्रोटोकॉल को एक बार फिर देश भर में लागू किया जा सकता है। सरकार को अभी से इस दिशा में बुनियादी स्तर पर प्रयास शुरू कर देने चाहिए, जिसमें कोविद से संबंधित हर प्रकार की बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं को शामिल करना होगा। यह चिंताजनक है कि इस नए वेरिएंट से अब तक पांच लोगों की मौत होने की बात भारत में कही जा रही है और पहले से ही गंभीर बीमारियों से ग्रस्त इन सभी की उम्र 60 वर्ष से ऊपर बताई गई है। इससे पूर्व के मामलों में भी कोविद संक्रमण ने अपना असर दिसंबर महीने से ही दिखाना शुरू किया था जो की जनवरी एवं फरवरी से लेकर अप्रैल तक विकराल रूप धारण कर चुका था। भारत में पहली और दूसरी लहर में काफी तांडव मचाया था जबकि तीसरी लहर आने तक भारत खुद को संभाल चुका था और व्यापक टीकाकरण ने कोरोना से होने वाली मृत्यु दर को काफी हद तक रोक लिया था। एक बार फिर आने वाले के दिनों के लिए भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय को स्वास्थ्य कर्मियों को कमर कसनी होगी, सरकार को कोशिश करनी होगी कि इस संभावित नए कोविद संक्रमण को पहले से रोका जाए और जिन स्थानों पर अभी यह सक्रिय है वही इस कोरोना गाइडलाइंस के नियमों का पालन करते हुए समाप्त कर दिया जाए। नई परिस्थितियों से निपटने के लिए यदि एक बार पुनः कोरोना गाइडलाइंस के नियमों को पालन करने का फरमान जारी किया जाता है तो यह एक एहतियाती कदम माना जायेगा।

# बदला है भारतीय न्यायपालिका का नजरिया?

**सत्येन्द्र रंजन**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुच्छेद 370 का मकसद जम्मू–कश्मीर का शेष भारत के साथ एकीकरण था। तब यह प्रश्न उठेगा कि अगर अनुच्छेद 370 का यह उद्देश्य था, तो फिर अनुच्छेद 371 का क्या मकसद है? इस अनुच्छेद की उपराधाराओं ए लेकर जे तक के जरिए महाराष्ट्र एवं गुजरात, नगालैंड, असम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और गोवा को कई प्रकार के विशेष अधिकार और संरक्षण मिले हुए हैं। आम समझ में अनुच्छेद 370 को इसी क्रम में देखा जाता रहा है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इसकी अलग व्याख्या सामने रखी है।

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला कई रूपों में असहज करने वाला है। उनमें पहला मुद्दा अनुच्छेद 370 के बारे में कोर्ट की कुछ टिप्पणियां हैं। मसलन, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने कहा,

*अनुच्छेद 370 का मकसद जम्मू–कश्मीर का क्रमिक रूप से शेष भारत के साथ एकीकरण था।

*यह अनुच्छेद सिर्फ एक अस्थायी प्रावधान था (यानी इसे खत्म होना ही था)।

*राष्ट्रपति को अनुच्छेद 370 (3) के तहत वह प्राप्त अधिकार था, जिसका इस्तेमाल करते हुए वे अनुच्छेद 370 का अस्तित्व खत्म करने की अधिसूचना जारी सकते थे। *जम्मू–कश्मीर की संविधान सभा के भंग हो जाने के बावजूद अनुच्छेद 370 को निरस्त कर सकने की राष्ट्रपति की शक्ति बनी रही।

ये टिप्पणियां इसलिए असहज करने वाली हैं, क्योंकि ऐतिहासिक संदर्भ की आम समझ यही है कि जम्मू–कश्मीर कुछ खास शर्तों के साथ भारत में शामिल हुआ था। इन शर्तों के तहत उसने अपने कुछ अधिकार केंद्र को सौंपे, जबकि आंतरिक स्वायत्तता संबंधी ज्यादातर अधिकार उसने अपने पास रखे। अनुच्छेद 370 के तहत भारतीय संविधान में इस व्यवस्था को स्वीकार किया गया था। इसके तहत भारतीय राज्य ने जम्मू–कश्मीर के लोगों को उनकी स्वायत्तता की रक्षा का वचन दिया था। इस वचन की रक्षा भारतीय राज्य–व्यवस्था का ऐतिहासिक दायित्व था। आम समझ है कि संविधान में इस अनुच्छेद को शामिल करते समय इसे अस्थायी प्रावधान सिर्फ इस अर्थ में कहा गया था कि जब तक जम्मू–कश्मीर की संविधान सभा अपना संविधान नहीं बना लेती, वहां का प्रशासन और भारतीय संघ से उसका रिश्ता अनुच्छेद 370 के आधार पर निर्धारित होगा। लेकिन अब कोर्ट ने इसे इस रूप में अस्थायी बताया है कि इसका मकसद जम्मू–कश्मीर का एकीकरण था।



स्पष्टतः कोर्ट ने इस पहलू को बिल्कुल अलग नजरिए से देखा है।

जब कोर्ट ने बिल्कुल अलग दृष्टिकोण अपना लिया, तो उसका इस निष्कर्ष पर पहुंचना लाजिमी था कि जम्मू–कश्मीर की संविधान सभा की बिना सहमति के भी अनुच्छेद 370 को निरस्त किया जा सकता था।

मगर यहां विडंबना यह है कि इसके लिए अपनाए गए माध्यम को खुद कोर्ट ने समस्याग्रस्त माना है। अनुच्छेद 370 को संशोधित करने के लिए अनुच्छेद 367 में सुधार किया गया। इसके लिए संवैधानिक आदेश 272 जारी किया गया। कोर्ट ने इस आदेश को असंवैधानिक बताया है। मतलब सुप्रीम कोर्ट की यह राय है कि किसी दूसरे अनुच्छेद को संशोधित करने के लिए किसी अन्य अनुच्छेद में बदलाव संविधान के अनुरूप नहीं है। यानी सरकार को जिस अनुच्छेद में संशोधन करना हो, उसे प्रत्यक्ष रूप से उसके लिए ही कदम उठाने चाहिए, ऐसा बैकडोर से नहीं करना चाहिए।

मुद्दा यह है कि अगर वह आदेश असंवैधानिक था, तो उसके परिणामस्वरूप उठाया गया कदम संवैधानिक कैसे हो सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुच्छेद 370 का मकसद जम्मू–कश्मीर का शेष भारत के साथ एकीकरण था। तब यह प्रश्न उठेगा कि अगर अनुच्छेद 370 का यह उद्देश्य था, तो फिर अनुच्छेद 371 का क्या मकसद है? इस अनुच्छेद की उपराधाराओं ए लेकर जे तक के जरिए महाराष्ट्र एवं गुजरात, नगालैंड, असम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और गोवा को कई प्रकार के विशेष अधिकार और संरक्षण मिले हुए हैं। आम समझ में अनुच्छेद 370 को इसी क्रम में देखा जाता रहा है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इसकी अलग व्याख्या सामने रखी है बेशक, अनुच्छेद 370 के रहते हुए भी इसके जरिए जम्मू–कश्मीर के अनेक संरक्षित अधिकार क्रमिक रूप से केंद्र ने हासिल कर लिए थे। बल्कि अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि गुजरे दशकों में आगे बढ़ी इस प्रक्रिया के कारण अनुच्छेद 370 के मूल स्वरूप में काफी हद तक क्षरण हो चुका था। इस हकीकत के बावजूद सच यह है कि जम्मू–कश्मीर की खास राजनीतिक पहचान और वहां के बाशिंदों के मनोवैज्ञानिक संरक्षण के तौर पर इस अनुच्छेद की उपयोगिता बनी हुई थी।

वैसे अगर भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक नजरिए से देखें, तो (इस पार्टी के पूर्व संस्करण भारतीय जन संघ की स्थापना के समय से ही) यह अनुच्छेद हमेशा ही एक राजनीतिक मसला था, जिसे भारतीय राज्य अपनी शक्ति के इस्तेमाल से हल कर सकता था। भाजपा नेता हमेशा यह कहते थे कि कांग्रेस नेतृत्व की "कमजोरी" या उसकी "वोट बैंक की सियासत" के कारण यह अनुच्छेद संविधान का हिस्सा बना रहा। उनका हमेशा से वादा था कि जब कभी वे सत्ता में आएंगे, वे इस अनुच्छेद को खत्म कर देंगे। इसलिए भाजपा सरकार ने यह कदम उठाया, तो यह उनकी घोषणाओं के अनुरूप ही था।

भाजपा और उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विमर्श पर गौर करें, तो यह साफ हो जाता है कि इस अनुच्छेद से उनके विरोध का एक प्रमुख कारण जम्मू–कश्मीर का मुस्लिम बहुल राज्य होना रहा है। दूसरी बात यह रही है कि आरएसएस की विचारधारा भारत के संघीय स्वरूप के साथ सहज कभी नहीं रही। भारत को एकात्मक व्यवस्था का रूप देना उसकी सोच का अभिन्न अंग रहा है। इसलिए अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ वर्तमान भाजपा सरकार ने जम्मू–कश्मीर का दर्जा गिरा कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया और इस प्रदेश को एकतरफा ढंग से दो भागों (जम्मू–कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया, तो इसमें उसे कोई वैचारिक या नैतिक अवरोध नजर नहीं आया।मगर अब हमारे सामने हकीकत यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इन दोनों ही बातों को स्वीकृति दे दी है। कोर्ट के सामने एक बड़ा मुद्दा यह था कि क्या भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के तहत किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदला जा सकता है? विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत किसी राज्य को उसकी सहमति से विभाजित किया जा सकता है, उसके किसी एक हिस्से को केंद्र शासित प्रदेश बनाया जा सकता है।

# अब यूपी में सक्रिय होंगे नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के नेता उत्तर प्रदेश को लेकर अक्सर कोई न कोई योजना बनाते रहते हैं। कई बार जदयू ने यूपी में विस्तार करने की योजना बनाई। पार्टी के प्रधान महासचिव केसी त्यागी इसकी कोशिश में रहे तो जब आरसीपी सिंह पार्टी के अध्यक्ष थे तब उन्होंने भी प्रयास किया था। लेकिन कभी कामयाबी नहीं मिली। जब से बिहार में जाति गणना हुई है और नीतीश कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोजेक्ट करने के प्रयास शुरू हुए हैं तब से चर्चा है कि नीतीश उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ सकते हैं। कुछ समय पहले फूलपुर के कुछ लोग पटना जाकर नीतीश और पार्टी के अन्य नेताओं से मिले थे और उनसे फूलपुर सीट पर चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। लव–कुश यानी कोईरी–कुर्मी समीकरण वाले इस सीट पर कांग्रेस नेता प्रियंक गांधी वाड्रा के भी चुनाव लड़ने की चर्चा चलती रहती है क्योंकि पारंपरिक रूप से यह सीट कांग्रेस की रही है और पंडित जवाहरलाल नेहरू इस सीट से चुनाव लड़ते थे।

बहरहाल, फूलपुर के अलावा नीतीश कुमार को लेकर यह भी चर्चा रही है कि वे वाराणसी सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ सकते हैं। प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा रखने वाले अरविंद केजरीवाल 2014 में वाराणसी लड़े थे लेकिन उसके बाद फिर वहां नहीं गए। प्रियंका गांधी वाड्रा के भी वाराणसी लडने की खबरें आती रहती हैं और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने यह संकेत भी दिया था कि इस बारे में चर्चा हुई है। बहरहाल, अब खबर है कि नीतीश कुमार 24 दिसंबर को वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली रोहनिया सीट पर एक जनसभा करेंगे। यह कुर्मी बहुल इलाका है। वहां से नीतीश कुमार कोई मैसेज दे सकते हैं। वे वाराणसी या फूलपुर से चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह तय नहीं है लेकिन यह तय है कि वे पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी के विस्तार को लेकर गंभीर है। अभी तक मोटे तौर पर कोईरी–कुर्मी का रूझान उत्तर प्रदेश में भाजपा की ओर है। अगर नीतीश सक्रिय होते हैं तो विपक्षी गठबंधन को इसका कुछ फायदा हो सकता है।

# अच्छे इरादों का इजहार

जीवाश्म ऊर्जा का इस्तेमाल क्रमिक रूप से रोकने की कोई समयबद्ध योजना तय नहीं की गई है। इस प्रक्रिया के लिए धन और तकनीक उपलब्ध कराने के इरादे जरूर जताए गए हैं, लेकिन इस दिशा में कौन कितनी जिम्मेदारी निभाएगा, यह तय नहीं हुआ है।

संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित कॉप–28 में सभी देश जीवाश्म ऊर्जा का इस्तेमाल क्रमिक रूप से घटाने पर सहमत हुए। उनमें अक्षय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। मीडिया रिपोर्टों में इस समझौते को ऐतिहासिक बताया गया है। लेकिन खुद उन्हीं खबरों में यह बताया गया है कि जीवाश्म ऊर्जा का इस्तेमाल रोकने और अक्षय ऊर्जा को पूरी तरह अपना लेने की कोई समयसीमा या समयबद्ध योजना तय नहीं की गई है। इस प्रक्रिया के लिए धन और तकनीक उपलब्ध कराने के इरादे जरूर जताए गए हैं, लेकिन इस दिशा में कौन कितनी जिम्मेदारी निभाएगा, यह तय नहीं हुआ है। कॉप–28 में जुटे नुमाइंदों ने

सम्मेलन में इस लक्ष्य को दोहराया गया है। लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि आखिर इस दिशा में अब तक क्या प्रगति हुई है? दरअसल, उचित तो यह होगा कि 1992 में शुरू हुई जलवायु वार्ता के बाद से अब तक की प्रगति का जायजा लिया जाए। खुद संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में बार–बार बताया गया है कि यह प्रगति बेहद असंतोषजनक है। प्रगति की यही रफ्तार रही तो साल 2100 से बहुत पहले ही धरती का तापमान खतरनाक सीमा तक बढ़ जाएगा।

तापमान वृद्धि को सीमित करने संबंधी पेरिस जलवायु संधि में तय लक्ष्य के प्रति अपने को फिर से वचनबद्ध किया, इसे एक बड़ी सफलता माना गया है। 2015 में हुई पेरिस संधि में तय किया गया था कि तमाम देश ऐसे कदम उठाएंगे ताकि धरती का तापमान (औद्योगिक युग शुरू होने के समय जो औसत तापमान था, उसकी तुलना में) 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं बढ़ पाए।

उसके बाद से हर साल होने वाले कॉप (संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में शामिल पक्षों के) सम्मेलन में इस लक्ष्य को दोहराया गया है। लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि आखिर इस दिशा में अब तक क्या प्रगति हुई है? दरअसल, उचित तो यह होगा कि 1992 में शुरू हुई जलवायु वार्ता के बाद से अब तक की प्रगति का जायजा लिया जाए। खुद संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में बार–बार बताया गया है कि यह प्रगति बेहद असंतोषजनक है। प्रगति की यही रफ्तार रही तो साल 2100 से बहुत पहले ही धरती का तापमान खतरनाक सीमा तक बढ़ जाएगा। समस्या यह रही है कि विकसित देश अपनी जीवन–शैली और आर्थिक हितों पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं हुए हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद बने हालात में तो यूरोप में भी ऊर्जा नीतियां नकारात्मक दिशा में चली गई हैं, जो जलवायु के सवाल पर सबसे अधिक संवेदनशील था। ऐसे में यूएई में हुआ करार अच्छे इरादों के इजहार से अधिक कुछ हो पाएगा, क्या ऐसी उम्मीद रखी जा सकती है?

# अपनी तीसरी पारी में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनाउंगा: पीएम

**वाराणसी, एजेंसी।** काशी समेत समूचे देश के विकास के प्रति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने में सफल होंगे। वाराणसी में 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा " अब से कुछ महीने बाद ही देश भर में चुनाव है और मोदी ने देश को गारंटी दी है कि वो अपनी तीसरी पारी में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत बनाकर रहेगा। ये गारंटी अगर मैं देश को दे रहा हूं, तो इसका कारण आप सभी हैं।"



प्रधानमंत्री ने कहा " हमारा प्रयास है कि भारत सरकार ने गरीब कल्याण की, जन–कल्याण की जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनसे कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी एकदम सुपरहिट हो गई है। जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है, उन्हें ये विश्वास हुआ है कि उनका जीवन अब और बेहतर होगा।" उन्होंने कहा " आज काशी समेत सारा देश विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों, हजारों शहरों में पहुंच चुकी है। करोड़ों लोग इस यात्रा से जुड़ रहे हैं। इस यात्रा में जो गाड़ी चल रही है, उसको देशवासी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी कहते हैं।"

वाराणसी में हाल ही में संपन्न देव दीपावली का जिक्र करते हुये श्री मोदी ने कहा " इस बार जो लोग देव दीपावली के अद्भुत दृश्य देखकर आए, जिनमें विदेशी मेहमान भी शामिल थे, उन्होंने मुझे दिल्ली में पूरा हाल बताया था। जी20 में आए मेहमान हो या बनारस आने वाला कोई भी अतिथि, जब बनारस के लोगों की प्रशंसा करते हैं तो मेरा भी माथा ऊंचा हो जाता है।" उन्होंने कहा कि आज स्वर्वेद मंदिर बनकर तैयार होना, इसी ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण है। ये महामंदिर महर्षि सदाफल देव जी की शिक्षाओं और उनके उपदेशों का प्रतीक है। इस मंदिर की दिव्यता जितना आकर्षित करती है, इसकी भव्यता हमे उतना ही अचंभित भी करती है। तमिलनाडु से काशी आने का मतलब है कि महादेव के एक घर से उनके दूसरे घर आना।

पीएम मोदी ने कहा " विकसित भारत संकल्प यात्रा एक चलता फिरता विश्वविद्यालय है। इन दो दिनों में मैंने बहुत सीखा। आज की परियोजनाओं से काशी के विकास को गति मिलोगी। मैंने लाल किले से कहा था। हमें कम से कम 15 शहरों में घूमना चाहिए। मुझे खुशी है जो पहले विदेश घूमने जाते थे वो आज अपना देश घूम रहे हैं। पर्यटन बढ़ता है तो विकास बढ़ता है। पर्यटन बढ़ने से काशी के लोगों की आय बढ़ गई है। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। " पर्यटन मानचित्र में काशी के महत्व को बताते हुये उन्होने कहा कि जो बाहर से आता है उसे कैसे पता होगा कि ये मलाईयो का मौसम है। गौदोलिया की चाट और रामनगर की लस्सी की जानकारी भी आज काशी वेबसाइट पर मिल जाती है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने वाराणसी से चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने कहा कि आज वाराणसी से दिल्ली के लिए एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू हुई है। आज से मऊ–दोहरीघाट ट्रेन भी शुरू हो रही है, इस लाइन के शुरू होने से बड़हलगंज, हाटा, आदि क्षेत्र के लोगों को बहुत फायदा होने वाला है। इसके बाद अपने संबोधन की शुरुआत भोजपुरी भाषा में की। उन्होने कहा " काशी के सब लोगन के हमार प्रणाम बा। का कहल जाला बनारस में..जिया राजा बनारस।" पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचे थे।

## क्या पाकिस्तान में अंतिम सांसें गिन रहा है दाउद इब्राहिम? अंडरवर्ल्ड डाउन को जहर देने का दावा




नई दिल्ली, एजेंसी। अंडरवर्ल्ड डाउन दाउद इब्राहिम को कौन नहीं जानता। मुंबई बम हमलों का मास्टर माइंड और मोस्ट वांटेड डाउन कई सालों से पाकिस्तान में छिपा बैठा है। अब खबरें आ रही हैं कि दाउद पाकिस्तान के एक अस्पताल में भर्ती है। दावा किया जा रहा है कि उसे जहर दिया गया है, लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि क्या सचमुच में दाउद को जहर दिया गया है या फिर कुछ और है, लेकिन जिस तरह से खबरें आ रही हैं, उससे शक हो रहा है कि कुछ गड़बड़ तो जरूर है।

बताया जा रहा है कि दाउद जिस अस्पताल में भर्ती है, वहां भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात है। पता चला है कि रात को कराची में मोबाइल और इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। ऐसे में समझा जा सकता है कि पाकिस्तान कुछ छिपा रहा है। बता दें कि गैंगस्टर दाउद इब्राहिम में लगभग 30 साल से पाकिस्तान में छिपा बैठा है और वहीं से अपने काले कारोबार चला रहा है। हालांकि पाकिस्तान हर बार झूठ बोलता है कि दाउद इब्राहिम उनके मुल्क में नहीं है। भारत दाउद के खिलाफ तमाम सबूत पाकिस्तान को पेश कर चुका है, लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हवाला यही दिया जाता है कि डी कंपनी का सरगना उनके मुल्क में है ही नहीं। खैर ताजा मामले में यही सामने आ रहा है कि यह गैंगस्टर पाकिस्तान के एक अस्पताल में अंतिम सांसे गिन रहा है। उसे जहर दिए जाने का दावा किया गया है।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से दिल्ली में बढ़ेगी ठिठुरन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पहाड़ों से मैदानी इलाकों में आने वाली सर्द हवा राजधानी में ठंड और बढ़ाएगी। मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान है। ऐसे में धूप हल्की रहेगी, इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी।

वहीं, सुबह कोहरे की मोटी चादर देखने को मिलेगी। प्रादेशिक मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी से दिल्ली में ठिठुरन बढ़ेगी। आने वाले दिनों में कड़ाके की सर्दी दस्तक देगी। विभाग का अनुमान है कि अब लगातार तापमान में गिरावट दर्ज होगी। मंगलवार को औसतन न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने का संभावना है।

## अतीक अहमद के करीबी नफीस बिरयानी को आया हार्ट अटैक, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी नफीस बिरयानी को दिल का दौरा पड़ने पर मौत हो गई। नैनी सेन्ट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर ने बताया कि नैनी सेंट्रल जेल में निरूद्ध रहे नफीस बिरयानी को रविवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद स्वरूप रानी अस्पताल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान रविवार की देर रात एक बजे उसकी मौत हो गई। गौरतलब है कि खुल्दाबाद निवासी नफीस सिविल लाइन में ईट ऑन रेस्टोरेंट का संचालक था। उमेश पाल हत्याकांड में नफीस का नाम बढ़ाए जाने के बाद वह फरार हो गया था। उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षा कर्मियों की हत्या में वांछित होने पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 22 नवंबर को नवाबगंज में पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से नफीस घायल हो गया था। कई दिनों तक इलाज चलने के बाद वह नैनी सेंट्रल जेल के सर्किल नंबर तीन में बंद था।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के उमेश पाल मुख्य गवाह थे। 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल हत्याकांड में नफीस ने एक कार





उपलब्ध कराई थी, जिसमें सवार होकर अतीक अहमद का बेटा असद, गुड्डू मुस्लिम (बमबाज) और कुछ लोग वारदार वाले स्थान पर पहुंचकर बम और गोली से उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर फरार हो गये थे। पुलिस को बाद में कार लावारिस हालात में पड़ी मिली। जांच पड़ताल में गाड़ी नफीस बिरयानी की बताई गई थी।उमेश पाल की हत्या के अगले दिन उनकी पत्नी जया पाल ने अतीक अहमद, पत्नी शाइस्ता, भाई अशरफ अहमद, दो बेटो के साथ शूटर अरमान, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर के खिलाफ केस दर्ज किया था। अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की 15 अप्रैल की रात काल्विन अस्पताल के कैम्पस में करीब 10.30 बजे रात लवलेश तिवारी, अरूण मौर्य और मोहित उर्फ सनी सिंह नामक तीन युवकों ने गोली मार कर हत्या कर दिया था। पुलिस ने तीनो को मौके पर ही पकड़ लिया था। इस मामले में अतीक अहमद का बेटा असद की 13 अप्रैल को पुलिस और एसटीएफ के साथ झांसी में हुई एक मुठभेड़ में मार दिया गया था। इस पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। इसके अलावा फरार चल रहे गुड्डु मुस्लिम, साबिर और अरमान पर भी पांच–पांच लाख रुपए का इनाम घोषित है जबकि अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर भी 50 हजार रुपए का इनाम घोषित है।

## संसद की सुरक्षा में चूक मामले में जनहित याचिका, पूर्व न्यायाधीश की अगुवाई में जांच की मांग

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर 13 दिसंबर को संसद सुरक्षा में हुई चूक की शीर्ष अदालत के एक पूर्व न्यायाधीश की अगुआई में अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध किया गया है। तीन दिसंबर को सागर शर्मा और मनोरंजन डी नाम के दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक दीर्घा से लोकसभा के कक्ष में कूद गए थे, उस दौरान उन्होंने कनस्तरों से पीला धुआं छोड़ा था और नारेबाजी की थी। लगभग उसी समय दो अन्य लोगों अमोल शिंदे और नीलम देवी ने संसद भवन परिसर के बाहर 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए कनस्तरों से रंगीन धुआं छोड़ा था। पांचवें आरोपी ललित झा ने कथित तौर पर परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए।यह जनहित याचिका वकील याचिकाकर्ता अबू सोहेल ने अधिवक्ता श्रुति बिष्ट के माध्यम से दायर की। याचिका में कहा गया है, "13 दिसंबर को संसद के निचले सदन लोकसभा की सुरक्षा में बड़ी चूक के मामले में उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष न्यायिक जांच की प्रकृति में उचित रिट, आदेश या निर्देश पारित किया जाए।"

## सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी का दूसरा समन, 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर समन जारी कर दिया है। यह दूसरी बार है जब ईडी ने पेश होने के लिए दूसरी बार समन जारी किया है। ईडी ने समन में 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले बीती दो नवंबर को ईडी ने शराब घोटाला मामले में समन जारी कर बुलाया था। लेकिन विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम में व्यस्त होने की वजह से पेश नहीं हुए थे। नोटिस में उन्हें दो नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री को सीबीआई अप्रैल महीने में पूछताछ के लिए बुला चुकी है।

दरअसल, ईडी ने अपनी चार्जशीट में कई बार अरविंद केजरीवाल के नाम का जिक्रकिया है। अदालत में दायर आरोप पत्र में ईडी ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति 2021–22 आप के शीर्ष नेताओं द्वारा बनाई गई थी, ताकि लगातार अवैध धन कमा



कर और उसे अपने पास लाया जा सके। ईडी ने दावा किया कि यह नीति अवैध और आपराधिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए जानबूझकर कमियों के साथ बनाई गई थी। एजेंसी ने आरोप पत्र में आरोपियों के साथ सीएम के घर पर बैठक से लेकर वीडियो कॉल तक की घटनाओं का उल्लेख किया है।ईडी के समन को नजरअंदाज करने से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी को एक जवाबी खत लिखा।

## लोकसभा चुनावों से पहले ऑनलाइन चंदा जुटाएगी कांग्रेस, शुरू किया 'डोनेट फॉर देश' अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले पार्टी के लिए संसाधन जुटाने के लिए 'डोनेट फॉर देश' अभियान की शुरूआत की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1.38 लाख रुपए चंदा देकर पार्टी के इस ऑनलाइन क्राउडफंडिंग कार्यक्रम की शुरूआती की। खडगे ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि देश के लिए दान करने से कांग्रेस आम जनता से मदद लेकर देश को आगे ले जाने का काम करेगी। उन्होंने कहा "कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है। महात्मा गांधी जी ने भी देशवासियों की मदद लेकर देश को आजादी दिलाई थी। यह पूरे देश में एक मुहिम बन रही है जिसमें लोग आगे आकर देश के लिए डोनेट कर रहे हैं।"

अभियान को सफल बनाने के लिए दान देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा , "'डोनेट फ़ॉर देश' अभियान हाशिए पर रहने



वाले समुदायों के अधिकारों को बनाए रखने, असमानताओं को पाटने और गिने–चुने पूंजीवादियों का पक्ष लेने वाली तानाशाही सरकार के ख़िलाफ़ एक मजबूत विपक्ष बनने की प्रतिबद्धता है। इसके लिए डोनेट.इन पर लॉग ऑन कर अपना महत्वपूर्ण योगदान ज़रूर प्रदान करें। यह पहल 1920–21 में महात्मा गांधी जी के ऐतिहासिक 'तिलक स्वराज कोष' से प्रेरित है।"

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा "भारतीय संविधान के मूल्यों को सुरक्षित रखने एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138 वर्ष पुराने गौरवशाली इतिहास को संजोए रखने का यह देशव्यापी आंदोलन है। देश को आगे ले जाना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है जिसे हमें मिलकर निभाना होगा।" इस बीच कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर देश के नागरिकों से इस अभियान में शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा "इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए हम 'डोनेट फ़ॉर देश' के जरिए एक और कदम आगे बढ़ रहे हैं।

'डोनेट फ़ॉर देश' कैंपेन में हम आम जनता के साथ जुड़ेंगे, आपकी मदद से देश की सामाजिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करेंगे। आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता का साथ मिला है। हमें देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए फिर से आपकी जरूरत है। आगे आएं और अपनी जिम्मेदारी निभाएं।"

# भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने सिंगापुर चैम्पियनशिप में जीते स्वर्ण, रजत, कांस्य



नई दिल्ली , शतरंज की पूरी दुनिया में गूंजने वाली एक अभूतपूर्व जीत में, दक्षिण मुंबई शतरंज अकादमी (एसएमसीए) के तहत निखारी गई मुंबई की असाधारण युवा प्रतिभाओं ने सिंगापुर शतरंज चैंपियनशिप में जीत हासिल की है।

सिंगापुर शतरंज महासंघ द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई, जिसमें 14 देशों के लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया।


अहान कटारुका एक निर्विवाद चैंपियन के रूप में उभरे, जिन्होंने कड़े मुकाबले वाले अंडर–8 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अहान की असाधारण उपलब्धि, जिसने 7 मैचों में 7 जीत का एक आदर्श रिकॉर्ड बनाया, उसने अद्वितीय रणनीतिक कौशल, असाधारण गणना और एक फोटोग्राफिक मेमोरी का प्रदर्शन किया। फायदे को सटीक, विजयी स्थिति में बदलने की उनकी कुशलता ने उन्हें वैश्विक शतरंज मंच पर एक प्रमुख शक्ति के रूप में मजबूती से स्थापित किया है।

बेजोड़ संयम और रणनीतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, नोवा जुयाल ने 7 में से 6 अंक अर्जित करते हुए अंडर–8 वर्ग में उल्लेखनीय रजत पदक हासिल किया। नोवा के शांत आचरण और सामरिक कुशलता ने शतरंज प्रतिभाओं के लिए प्रजनन स्थल के रूप में एसएमसीए की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

अंडर–12 वर्ग में भारत के लिए एक और जीत देखी गई जब आश्रिता गुत्तुला ने कांस्य पदक जीता। आश्रिता के अटूट फोकस और अनुकरणीय एंडगेम कौशल ने एसएमसीए में विकसित गहन प्रतिभा को रेखांकित किया, जिससे अंतराष्ट्रीय शतरंज में भारत की सफलता की कहानी में एक और अध्याय जुड़ गया।

भारत के गौरव में और योगदान देते हुए, अनन्या खडेलवाल ने प्रतिष्ठित सम्मान सूची में एक योग्य स्थान हासिल किया, जिससे शतरंज प्रशिक्षण में एक पावरहाउस के रूप में एसएमसीए की स्थिति और मजबूत हुई। अद्वैत अग्रवाल भी भारतीय दल का हिस्सा थे। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, मुख्य कोच एफएम बालाजी गुटुला ने टिप्पणी की, ये युवा प्रतिभाएं भारत के युवा ग्रैंडमास्टर्स के स्तर तक पहुंचने की क्षमता प्रदर्शित करती हैं। सिंगापुर शतरंज चैंपियनशिप में प्रदर्शित उनका समर्पण और रणनीतिक प्रतिभा वैश्विक शतरंज क्षेत्र में आशाजनक करियर की शुरुआत का प्रतीक है।

# नाथन लियोन ने बनाया रिकार्ड, 500 विकेट लेने वाले दुनिया के आठवें गेंदबाज बने



पर्थ ,ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन 500 टेस्ट विकेट तक लेने वाले दुनिया के आठवें गेंदबाज और तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। लियोन ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट के चौथे दिन फहीम अशरफ को पगबाधा आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। वह इस साल की शुरुआत में एशेज के दौरान पिंडली की चोट के कारण 496 विकेट पर रुक गए थे, लेकिन उन्होंने ऑप्टस स्टेडियम में अपना अच्छा रिकॉर्ड जारी रखा। उन्होंने पाकिस्तान की पहली पारी में अब्दुल्ला शफीक, इमाम–उल–हक और आमेर जमाल को आउट कर 499 विकेट अपने नाम किए। इसके बाद उन्होंने फहीम अशरफ को पगबाधा आउट कर अपना 500वां विकेट पूरा किया और दूसरी पारी में आमेर जमाल को आउट कर अपना 501वां विकेट भी हासिल कर लिया। वह यह कारनामा करने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज है। पहले स्थान पर पूर्व दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न का नाम आता है। वॉर्न के नाम 145 टेस्ट की 273 पारियों में 708 विकेट दर्ज हैं। दूसरे स्थान पर पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने 124 मैचों की 243 पारियों में 563 विकेट लिये है। लियोन 501 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर है।श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन 800 विकेटों के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई शेन वॉर्न 708 विकेट,इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन 690 विकेट, भारत अनिल कुंबले के 619, इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड 604 विकेट, ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा 563 विकेट, वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श 519 विकेट, ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन 501 विकेट, भारत के रविचंद्रन अश्विन 489, दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन 439 विकेट दसवें स्थान है।

# खेलो इंडिया पैरा गेम्स : शीतल देवी ने कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली , खेलो इंडिया पैरा गेम्स के उद्घाटन समारोह में जेएलएन स्टेडियम में कौशल और दृढ़ संकल्प का असाधारण प्रदर्शन देखा गया, जब शीतल देवी ने कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। शीतल का 141 का उल्लेखनीय स्कोर उत्तर प्रदेश की ज्योति बलियान की कड़ी चुनौती का सामना करने में निर्णायक साबित हुआ, जिन्होंने 138 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। हरियाणा की सरिता ने 137 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

जम्मू की बिना हाथ वाली तीरंदाज शीतल देवी तीरंदाजी की दुनिया में लहरें पैदा कर रही हैं, और हांग्जो में एशियाई पैरा खेलों में उनकी सफलता ने उनकी बढ़ती प्रतिष्ठा में इजाफा किया है। हालांकि, खेलो इंडिया पैरा गेम्स में प्रतिस्पर्धा कड़ी थी, जिसमें शीतल को ज्योति बलियान के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में विजयी होने के लिए अपने तीरंदाजी कौशल और मानसिक शक्ति दोनों का प्रदर्शन करना पड़ा।

पुरुष रिकर्व तीरंदाजी वर्ग में हरियाणा के पैरालिंपियन हरविंदर सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



उत्तर प्रदेश के विवेक चिकारा ने रजत पदक हासिल किया, जबकि हरियाणा के साहिल ने कांस्य पदक जीता, जो पैरा–तीरंदाजों के बीच प्रतिस्पर्धी भावना को उजागर करता है।

डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पैरा एशियन गेम्स 2023 के रजत पदक विजेता राजस्थान के रुद्रांश खंडेलवाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। खंडेलवाल ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में 223.4 के प्रभावशाली स्कोर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, और हरियाणा के सिंहराज को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 216.4 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। राजस्थान के शिवराज सांखला ने 194.7 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

# आईपीएल नीलामी को लेकर बेताब जीटी के विक्रम सोलंकी




दुबई , दुबई में 19 दिसंबर को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले, गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने टीम के थिंक–टैंक के बीच उत्साह व्यक्त किया, जिसका लक्ष्य अपनी टीम को आगे बढ़ाने के लिए आठ खाली महत्वपूर्ण स्लॉट भरना है।

आईपीएल 2022 के विजेता गुजरात को 38.15 करोड़ रुपये के पर्स के साथ आठ स्लॉट भरने हैं, जिनमें से दो विदेशी हैं।

उनका लक्ष्य मुंबई इंडियंस के लिए हार्दिक पांड्या के ट्रेड द्वारा छोड़ी गई कमी को भरना होगा। एक बल्लेबाजी ऑलराउंडर की जो कुछ गेंदबाजी ओवरों में योगदान दे सकता है। उन्हें एक विदेशी तेज़ गेंदबाज़ और एक भारतीय विकेट कीपिंग विकल्प की भी आवश्यकता है।

नीलामी को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे यकीन है कि सभी टीमें हमारी तरह ही उत्साहित होंगी। जहां तक हम किसके पक्ष में जाने की संभावना रखते हैं, हमें कुछ बड़े निर्णय लेने हैं। लेकिन यह एक छोटी नीलामी है और मुझे 'छोटी नीलामी' शब्द पसंद नहीं है क्योंकि इसमें कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने हैं।

हमारे पास भरने के लिए आठ स्थान हैं और वे हमारे लिए महत्वपूर्ण स्थान होंगे, इसलिए हम इसे लेकर वास्तव में उत्साहित हैं। हम इस पर बिल्कुल उसी तरह आगे बढ़ेंगे जैसे हम पहली दो नीलामियों में आगे बढ़े थे। फ्रेंचाइजी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सोलंकी ने कहा, हमने अब तक चर्चा जारी रखी है और नीलामी तक जारी रहेगी।2024 सीजन् से गुजरात का नेतृत्व शुभमन गिल करेंगे और सोलंकी ने कहा कि टीम प्रबंधन उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए उन्हें आवश्यक समर्थन देगा।

शुभमन गिल के कप्तान बनने को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं, वह एक शानदार क्रिकेटर हैं। किसी भी चरण में उनका प्रदर्शन एक क्रिकेटर के रूप में उनके बारे में बहुत कुछ बताता है। यह उनके लिए वास्तव में दिलचस्प समय है क्योंकि यह उनके नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ने के बारे में है।

उनकी पहले भी नेतृत्वकारी भूमिका रही है, केवल इस तथ्य से कि उनका व्यक्तित्व एक विचारशील क्रिकेटर का है। यदि वह ऐसा नहीं करता तो वह आज जितना सफल नहीं होता, लेकिन अब यह टीम की कप्तानी करने के लिए अपने नेतृत्व कौशल को विकसित करने के बारे में है।

आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीजन् में गुजरात लीग चरण में अंक तालिका में भी शीर्ष पर रहा था। जबकि वे आईपीएल 2022 में ट्रॉफी तक पहुंच गए। उन्हें आईपीएल 2023 में उपविजेता के रूप में रहना पड़ा।सोलंकी ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, हमने अब तक जो हासिल किया है उससे हम खुश हैं, लेकिन मैं कहूंगा कि यह अतीत की बात है। हमने एक रेखा खींच दी है कि हमें आगे क्या करने की जरूरत है।

# भारतीय क्रिकेट जगत में मची सनसनी, क्रिकेट के 'मक्का' कहे जाने वाले स्टेडियम की गैलरी में मिली 21 साल के युवा की लाश

नई दिल्ली। कोलकाता पुलिस ने सोमवार को ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स की एक गैलरी से शव बरामद किया है। मृतक की पहचान धनंजय बारिक के रूप में हुई, जो कि ग्राउंड स्टाफ के एक सदस्य का बेटा है।

धनंजय का शव मैदान का ध्यान रखने वाले एक सदस्य ने खोजा। जानकारी के मुताबिक ईडन गार्डन्स के गैलरी– के के अपर टियर पर युवा की लाश लटकी हुई मिली।

**आत्महत्या का कारण**

जांच के प्रभारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि धनंजय संभवतः अवसाद से जूझ रहा था क्योंकि उसकी अपने पिता और रिश्तेदार की तरह ईडन गार्डन्स के ग्राउंड स्टाफ के रूप में नियुक्ति नहीं हुई थी।

अधिकारी के हवाले से पीटीआई ने कहा, "मृतक संभवतः अवसाद से जूझ रहा था क्योंकि उसकी ईडन गार्डन्स के ग्राउंड स्टाफ के रूप में नियुक्ति नहीं हो रही थी, जैसे कि उसके पिता और रिश्तेदार को मिली। मृतक के पिता और रिश्तेदार ईडन गार्डन्स में कार्यरत हैं। हम मामले की जांच कर रहे हैं कि यह आत्महत्या है या कुछ और। मृतक के शरीर को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है।"



**ईडन गार्डन्स और विवाद**

पुलिस अधिकारी ने साथ ही जानकारी दी कि मृतक के करीबियों ने रविवार को मैदान पुलिस स्टेशन में उसके गायब होने की शिकायत की थी। वैसे, यह पहला मौका नहीं जब ईडन गार्डन्स किसी दुर्घटना के कारण विवादों में रहा हो।

9 अगस्त को ड्रेसिंग रूम में आग लग गई थी, जिसमें कई खेल उपकरण जल गए थे। यह घटना निर्माण कार्य के दौरान हुई, जिसे वनडे वर्ल्ड कप के लिए तैयार किया जा रहा था।

पता हो कि ईडन गार्डन्स को भारतीय क्रिकेट का मक्का भी कहा जाता है। इस ऐतिहासिक मैदान पर कई प्रमुख टूर्नामेंट के मुकाबले खेले गए हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के पांच मैचों की मेजबानी कोलकाता के ईडन गार्डन्स ने की थी। यहां 2016 टी20 वर्ल्ड कप के पुरुष और महिला फाइनल मुकाबले खेले गए थे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com